# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.)

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004**

वेब साइट – www. uniraj. ac. in (B.A.) 2023


समस्त प्राचार्य,
समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय/विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

क्रमांक– परीक्षा 4–अ/2023/2041 दिनांकः 1-9-23.

विषयः– विश्वविद्यालय परीक्षा–2023 तथा परीक्षा–2020 प्रोन्नत किए गए प्रथम वर्ष के छात्रों की अंकतालिकाओं के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय परीक्षा–2023 की समस्त स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की अंकतालिकाएँ आपके महाविद्यालय में समय–समय पर भिजवाई जा रही है।

परीक्षा–2020 में प्रथम वर्ष में प्रोन्नत (Promote) किये गये विद्यार्थियों को पूर्व में जारी प्रमोट सर्टिफिकेट के स्थान पर अंकतालिकायें विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा–2023 की तृतीय वर्ष की अंकतालिकाओं के साथ आपके महाविद्यालय में छात्रों को वितरण किये जाने हेतु भिजवायी गयी है। जिन्हे विद्यार्थियों को तृतीय वर्ष की अंकतालिकाओं के साथ प्रथम वर्ष की अंकतालिका भी आवश्यक रूप से वितरित की जाये। साथ ही पूर्व में जारी प्रोन्नत (Promote) सर्टिफिकेट अब मान्य नहीं होगें।

अतः आपसे अनुरोध है कि आपको प्रदान की गयी अंकतालिकाओं में किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा संख्या कम या अधिक होने की सूचना 15 दिवस में आवश्यक रूप से सहायक कुलसचिव, परीक्षा को प्रदान करें, इसके पश्चात् विश्वविद्यालय में उक्त संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत पर विचार नहीं होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्राचार्य संबंधित महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

29.08.23

परीक्षा नियंत्रक